हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026

06 भागवत कथा का समापन-प्रेम के आगे उद्धव का...



07 ब्यावरा विधानसभा में 2.92 करोड़ के कार्यों ...





### तीनों आरोपियों पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज, सीहोर जेल भेजे गए आरोपी

# हाईवे पर गोली चलाने वाला निकला राजस्थान का वांटेड हत्यारा, फरारी काटने आए थे मप्र

बता दें कि सोमवार को आष्टा के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाड़ी को साइड देने की बात पर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने युवक फायरिंग कर दी थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा पुलिस थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर हुई गोलीबाजी के मामले में पुलिस ने जिन आरोपियों को दबोचा है, उनकी कुंडली खंगालने पर होश उड़ा देने वाले खुलासे हुए हैं। गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर कोई मामूली अपराधी नहीं, बल्कि राजस्थान का एक दुर्दांत हत्यारा है, जो पुलिस को चकमा देकर एमपी में छिपता फिर रहा था। पकड़े गए तीनों बदमाशों पर हत्या, लूट और डकैती जैसे दो दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।

बता दें कि सोमवार को आष्टा के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाड़ी को साइड देने की बात पर विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने युवक फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अमन उर्फ बाबर, शहनवाज और विक्की को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने इनसे सख्ती से पूछताछ की और राजस्थान पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि मुख्य आरोपी अमन उर्फ बाबर राजस्थान के बारा जिले में साल 2025 में हुई एक हत्या के मामले में फरार चल रहा है।



### अपराध की लंबी फेहरिस्त

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अमन उर्फ बाबर बेहद शातिर अपराधी है। उस पर राजस्थान के कोटा और बारा जिले में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। हत्या के बाद जब वह फरार था, तब भी उसने बारा जिले में फायरिंग कर हत्या के प्रयास की एक और वारदात को अंजाम दिया। बाबर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में भी साल 2023 से हत्या के प्रयास के मामले में वांटेड है। वह पुलिस से बचने के लिए गुना और भोपाल के रास्ते इंदौर भाग रहा था, लेकिन आष्टा में उसकी किस्मत ने साथ नहीं दिया।

### साथी आरोपी भी हैं हिस्ट्रीशीटर

बाबर के साथ पकड़े गए उसके दोनों साथी भी जघन्य अपराधों के माहिर खिलाड़ी है। शहनवाज अंसारी उर्फ सोबू के खिलाफ कोटा शहर के थानों में हत्या के प्रयास, लूट और डकैती जैसे 9 गंभीर मामले दर्ज हैं। इसी तरह विक्की उर्फ राजा के विरुद्ध बारा जिले में हत्या के प्रयास और आम्र्स एक्ट के 2 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं।

### सीहोर जेल भेजे गए आरोपी

आष्टा पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल सीहोर भेज दिया गया है। एसपी के निर्देश पर आष्टा पुलिस ने इन अपराधियों का विस्तृत रिकॉर्ड जुटाकर केस डायरी में शामिल किया है। अब राजस्थान पुलिस इनको प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जाएगी।

### 12 घंटे में खुलासाः खेत से केबल चोरी करने वाला आरोपी धराया



**भैरुंदा।** खेतों से केबल चोरी की वारदात का भैरुंदा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई केबलें, अन्य सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 फरवरी को फरियादी ओमप्रकाश पंवार पिता शंकरलाल पंवार (28), निवासी किसान मोहल्ला भैरुंदा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम अतरालिया व रिछाड़िया कदीम के बीच स्थित श्री हरिहरानंद वेयरहाउस के पास से उसकी ट्यूबवेल मोटर में लगी सागर कंपनी की केबल, दूसरी ट्यूबवेल मोटर में लगी टेक्समो टार कंपनी की केबल, माइक्रो टारगेट कंपनी की टॉर्च तथा पड़ोसी रामनिवास बाकरिया के कुएं में डली अंकित कंपनी की केबल व टॉर्च अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इस पर थाना भैरुंदा में अपराध क्रमांक 62/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। तलाश के दौरान एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम राज बारेला पिता नान सिंह पटेल (19), निवासी ग्राम बसंतपुर टाड़ी, थाना भैरुंदा बताया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी गई कुल चार केबल (210 फीट), अन्य सामग्री तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए आगे की विवेचना जारी रखी है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 52 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 5 लाख रुपए से अधिक की मदिरा जब्त

**सीहोर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस द्वारा जनवरी माह में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया है। इस दौरान जिला पुलिस द्वारा कुल 84 प्रकरण दर्ज कर 87 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही कार्रवाई में 1021 लीटर देशी, अंग्रेजी एवं कच्ची मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 76 हजार 645 रुपये है। साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल एवं 03 कारें भी जब्त की गई हैं। पुलिस द्वारा सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

### आरएके कॉलेज में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के आरएके कॉलेज में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में फाइनल मैच की विजेता टीम कैंपस किंग को 11000 रूपये की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम को 5500 रुपये की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## बुआ के साथ अस्पताल गई थी 3 साल की आराध्या, गलतफहमी के बीच पुलिस ने सुलझाई 'गुमशुदगी' की गुत्थी


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार की दोपहर पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में एक अजीबोगरीब वाकया हुआ। एक छोटी सी गलतफहमी ने पूरे परिवार की सांसें अटका दीं और पुलिस महकमे को सडक़ों पर दौडऩे पर मजबूर कर दिया। लेकिन कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी ने महज चंद घंटों में इस सस्पेंस को खत्म कर मासूम आराध्या को उसके परिजनों से मिला दिया।

कोतवाली थाना प्रभारी रवीन्द्र यादव ने बताााय कि 3 साल की आराध्या घर के बाहर खेल रही थी। उसी समय उसकी बुआ अपने बच्चे को लेकर पास के अस्पताल जा रही थीं। नन्ही आराध्या भी चुपचाप उनके पीछे-पीछे चल दी। रास्ते में जब बुआ की नजर आराध्या पर पड़ी तो उन्होंने सोचा कि बच्ची को भी साथ ले चलती हूं। जिम्मेदारी दिखाते हुए बुआ ने पास की एक दुकान पर दुकानदार को आवाज लगाई और कहा घर पर बता देना कि आराध्या मेरे साथ अस्पताल जा रही है, लेकिन ठीक उसी समय नमाज का वक्त हो चुका था और दुकानदार जल्दी में था। वह बात पूरी तरह सुने या घर तक पहुंचाए बिना ही नमाज पढऩे चला गया। उधर घर वालों ने जब आराध्या को गायब देखा तो कोहराम मच गया।

### जब बदहवास होकर थाने पहुंचे परिजन

परिजनों ने पूरी ताकत लगाकर बच्ची को आसपास तलाशा, लेकिन जब वह नहीं मिली तो वे रोते-बिलखते परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।



मासूम के गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस भी अलर्ट हो गई। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने इसे गंभीरता से लिया और एएसपी सुनीता रावत व सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में टीआई रवीन्द्र यादव ने मोर्चा संभाल लिया।

**पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन सुरक्षा' अभियान :**पुलिस ने इसे सिर्फ एक केस नहीं माना, बल्कि अपनी निजी जिम्मेदारी समझते हुए काम शुरू किया। शहर से बाहर जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस तैनात कर दी गई। साइबर टीम ने तुरंत इलाके के कैमरे खंगालने शुरू किए। पुलिस की टीमें गलियों और सुनसान रास्तों पर बच्ची का नाम पुकारते हुए दौड़ पड़ीं।

### दुकानदार के लौटते ही खत्म हुई उलझन

पुलिस जब इलाके में लोगों से पूछताछ कर रही थी, तभी वह दुकानदार नमाज पढक़र वापस लौटा। भीड़ और पुलिस को देखकर उसने माजरा पूछा और जैसे ही उसे पता चला कि लोग आराध्या को ढूंढ रहे हैं, उसने तुरंत पुलिस को बताया कि बच्ची तो अपनी बुआ के साथ अस्पताल गई है। यह सुनकर पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची और आराध्या को अपनी सुरक्षा में लिया।

### पुलिस ने गोद में उठाकर घर पहुंचाई मुस्कान

जब कोतवाली टीआई रवीन्द्र यादव और सीएसपी अभिनंदना शर्मा मासूम आराध्या को गोद में उठाकर उसके घर पहुंचे तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखों में आंसू आ गए। बदहवास मां ने जैसे ही अपनी लाड़ली को देखा उसे कलेजे से लगा लिया। परिजनों ने पुलिस की इस फुर्ती और संवेदनशीलता की जमकर तारीफ की और पूरी टीम को धन्यवाद कहा।

## रुपयों से भरे बैग की चोरी का खुलासाः एक आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख रुपए से भरा बैग लेकर भागे

**सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने रुपयों से भरे बैग की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

यह घटना 27 जनवरी की है। मंडीदीप निवासी शाविर अली सीहोर के नमक चौराहा स्थित शैलेंद्र अग्रवाल की दुकान पर व्यावसायिक भुगतान लेने आए थे। उन्होंने एक लाख रुपये नकद प्राप्त किए और उन्हें एक झोले में रखा था। कुछ देर बाद झोला गायब हो गया।



### दुकान से गायब किया था बैग

दुकान से झोला चोरी होने पर शाविर अली ने कोतवाली सीहोर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसी दौरान डावला माता निवासी तेरू पारदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### 15 हजार रुपए और बाइक जब्त

पूछताछ में तेरू पारदी ने बताया कि उसने अपने साथी लक्की पारदी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ने चोरी किए गए एक लाख रुपये आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने आरोपी तेरू पारदी के पास से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। शेष रकम की बरामदगी और फरार आरोपी लक्की पारदी की तलाश की जा रही है।

### भीड़भाड़ वाले बाजारों को बनाते थे निशाना

पुलिस के अनुसार, आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में घूमकर उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो नकद लेनदेन करते हैं। सही मौका देखकर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

### 11 डिग्री न्यूनतम तापमान, घना कोहरा छायाः कोहरे के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर, एक दिन में 3 डिग्री गिरा पारा



**सीहोर।** जिले में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सोमवार के मुकाबले करीब 3 डिग्री कम रहा। फरवरी के पहले सप्ताह में एक बार फिर ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और शीतलहर जैसी स्थिति बन गई है।

**सीजन का सबसे घना कोहरा :** मंगलवार सुबह सीहोर शहर और ग्रामीण इलाकों में इस मौसम का सबसे घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता घटकर करीब 20 मीटर रह गई। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई और सड़कों पर आवाजाही धीमी रही।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा छाने का सिलसिला जारी रहेगा और रात के तापमान में और कमी आ सकती है।

**बीते दिनों का तापमान रिकॉर्ड :** पिछले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया है। दिसंबर में तापमान 10 डिग्री से नीचे बना रहा था, जबकि जनवरी में बदलाव देखने को मिला। फरवरी की शुरुआत के साथ ही ठंड फिर से बढ़ गई है।

### चमत्कारेश्वर मंदिर समिति ने पेश की सेवा की मिसाल

# कथनी और करनी का फेरः कुबेरेश्वर धाम का '365 दिन विवाह' का वादा हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धर्म की नगरी सीहोर में मंगलवार को दो अलग-अलग तस्वीरें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। एक तरफ विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की वह भव्य घोषणा है जो केवल बयानों में दबकर रह गई, वहीं दूसरी तरफ शहर के चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति ने सीमित संसाधनों के बावजूद 'परोपकार' का वास्तविक उदाहरण पेश किया है।

बता दें फरवरी 2024 में रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से ताल ठोककर ऐलान किया था कि कुबेरेश्वर धाम साल के 365 दिन हर दिन एक गरीब कन्या का विवाह कराएगा। उन्होंने कहा था कि वि_लेश सेवा समिति विवाह का पूरा खर्च और गृहस्थी का सामान उठाएगी, लेकिन वक्त बीतने के साथ यह दावा केवल एक चुनावी वादे जैसा नजर आने लगा है। साल भर में 365 शादियां तो दूर, प्रतिदिन होने वाले विवाह की योजना का धरातल पर अता-पता नहीं है। सवाल उठ रहा है कि करोड़ों का दान प्राप्त करने वाले कुबेरेश्वर धाम के लिए क्या अपना ही वादा निभाना इतना कठिन हो गया है।



फाइल फोटो

### चमत्कारेश्वर मंदिर समिति ने कथा के साथ रचाई शादियां

एक ओर जहां बड़े मंचों से बड़े वादे किए जा रहे हैं, वहीं छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति ने शांतिपूर्ण तरीके से सेवा का अध्याय लिखा। सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर समिति ने भव्य सर्व जाति सामूहिक विवाह का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष मनोहर राय के नेतृत्व में अनेक कन्याओं का विवाह पूर्ण विधि-विधान और निशुल्क कराया गया।

**उद्धव का ज्ञान और गोपियों का प्रेम :**कथा के अंतिम दिन जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव-गोपी संवाद के जरिए एक गहरा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया। समाज में आज ऐसे कई ज्ञानी हैं जो मंचों से ज्ञान तो बांटते हैं, लेकिन जब बात प्रेम और सेवा को जमीन पर उतारने की आती है तो उनके हाथ पीछे खिंच जाते हैं। पंडित पुरोहित ने बताया कि प्रेम ही वह माध्यम है जिससे ईश्वर और समाज दोनों को जीता जा सकता है, केवल कोरे उपदेशों से नहीं।

### समिति के प्रयासों की सराहना

चमत्कारेश्वर मंदिर में हुए इस आयोजन ने साबित कर दिया कि परोपकार के लिए बड़े बजट से ज्यादा 'बड़ी नीयत' की जरूरत होती है। क्षेत्रवासियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ।

## जिला स्तरीय आनंद उत्सव के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर बालागुरु के. ने ली बैठक

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 4 फरवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आनंद उत्सव के सफल संचालन के लिये अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसे जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आयोजन के अंतर्गत होने वाले खेलों का पूर्व में ही निर्धारण किया जाए तथा उनकी समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आनंद उत्सव में अनिवार्य रूप से पंजीयन कर सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग आयोजन से जुड़ सकें।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने, कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा, मंच व्यवस्था, पेयजल, विद्युत एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने कार्यक्रम के पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने तथा आयोजन के दिन अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित करने के निर्देश दिये।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने आनंद उत्सव की तैयारियों एवं कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह में कराया नि:शुल्क रूप से कन्याओं का विवाह, नवदंपति को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया

# भागवत कथा का समापन-प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया: जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित

वहीं कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि उद्धवमन नहीं दस-बीस, एक थो वो श्याम संग गयो, कौन अराधे ईश ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से सर्व जाति सामूहिक विवाह उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कन्याओं विवाह पूर्ण विधि-विधान से किया गया। वहीं कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि उद्धवमन नहीं दस-बीस, एक थो वो श्याम संग गयो, कौन अराधे ईश ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गया। गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया। भगवान का नाम जपना शुरू करो। गोपियों ने कहा उद्धव तुम्हारा ज्ञान तुम्हारे पास रखो। हमारा तन कृष्ण है, मन कृष्ण है और रोम-रोम कृष्ण है। उद्धव हमारा एक मन था और वह कृष्ण के साथ चला गया। अब हम भगवान का भजन किस मन से करें, मन दस बीस नहीं है। उद्धव ने हर तरीके से गोपियों को ज्ञान का उपदेश देने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। गोपियों का प्रेम उद्धव के ज्ञान पर हावी हो गया और ज्ञान प्रेम से हार गया। प्रेम ज्ञान से बड़ा होता है। प्रेम से भगवान को पाया जा सकता है। प्रेम ही पत्थर में भगवान देख सकता है। प्रेम से संसार को जीता जा सकता है।

मंगलवार को भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। इसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं। तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है।

आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे। जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया। शहर के छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस सभी के सहयोग से भव्य रूप से अनेक कन्याओं का एक साथ निशुल्क सामूहिक विवाह पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कथा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

## 'राधा' की अनोखी अंतिम यात्रा:ढोल-नगाड़े बजाए पटाखे फोड़कर वैदिक मंत्रों के साथ दी गई विदाई



**भैरूंदा।** सीहोर जिले के भैरूंदा क्षेत्र अंतर्गत लाचौर गांव में आस्था, संवेदना और परंपरा का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। यहां भाजपा नेता श्यामलाल मीणा के परिवार ने अपनी पालतू गाय 'राधा' के निधन पर उसका अंतिम संस्कार पूरे वैदिक विधि-विधान और सम्मान के साथ किया। यह अंतिम यात्रा किसी इंसान की शवयात्रा से कम नहीं थी—ढोल-नगाड़ों की गूंज, पटाखों की आवाज और मंत्रोच्चार के बीच गांव की गलियों से गुजरती यह यात्रा चर्चा का विषय बन गई। बताया गया कि गाय 'राधा' पिछले कई वर्षों से मीणा परिवार के यहां रह रही थी। परिवार के लोग उसे महज एक पशु नहीं, बल्कि घर के सदस्य की तरह मानते थे। परिवार का कहना है कि राधा ने वर्षों तक घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। उसके अचानक निधन से परिवार शोक में डूब गया, लेकिन साथ ही उन्होंने उसे उसी श्रद्धा और सम्मान के साथ विदा करने का निर्णय लिया, जैसा परिवार के किसी बुजुर्ग सदस्य को दिया जाता है। गाय की अंतिम यात्रा बैलगाड़ी पर निकाली गई। बैलगाड़ी को फूलों से सजाया गया था। आगे-आगे ढोल-नगाड़े बजते रहे और बीच-बीच में पटाखे फोड़े गए। यात्रा के दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण होता रहा। गांव के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में इस शवयात्रा में भाग लेकर 'गौ-माता' को श्रद्धांजलि अर्पित की। कई ग्रामीणों की आंखें नम नजर आईं।

अंतिम संस्कार स्थल पर पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार किया गया। पंडितों द्वारा वैदिक परंपरा के अनुसार संस्कार संपन्न कराए गए। परिवार के सदस्यों ने भावुक होकर गाय को अंतिम विदाई दी। श्यामलाल मीणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। हमारे लिए राधा केवल गाय नहीं थी, बल्कि परिवार का अभिन्न हिस्सा थी। इसलिए उसका अंतिम संस्कार भी पूरे सम्मान के साथ किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में जहां पशुओं के प्रति संवेदनाएं कम होती जा रही हैं, वहीं लाचौर गांव की यह घटना समाज के लिए एक संदेश है। यह दिखाता है कि परंपरा, आस्था और करुणा आज भी जीवित हैं। गांव के सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने इस पहल की सराहना की। पूरे क्षेत्र में यह अनोखी अंतिम यात्रा दिनभर चर्चा में रही। लोग इसे भारतीय संस्कृति में निहित पशु-प्रेम और मानवीय मूल्यों का उदाहरण बता रहे हैं। लाचौर गांव की यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि जिलेभर में एक अलग पहचान बना गई है—जहां एक गाय को परिवार के सदस्य की तरह सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई।

## फौजी हम कैसे बनेंगे, मैदान पर अतिक्रमण, रिहर्सल कहां करें?

### चुपाडिया के खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाकर सीमांकन कराने की हुई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चुपाडिया के खेल मैदान पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों और खिलाडिय़ों ने खेल मैदान से अतिक्रमण हटवा कर सीमांकन बाउंड्रीवाल एवं तार फेंसिंग कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

चुपाडिया ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता परमाल ने भी जनपद पंचायत आष्टा और जिला पंचायत कार्यालय को खेल मैदान पर अतिक्रमण होने से अवगत कराया है। जनसुनवाई में पहुंचे खिलाडिय़ों और ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर 24 खसरा नंबर 427/4(5) पर बने मैदान पर ग्राम सहित आसपास के कई ग्राम के बच्चे खेलने आते हैं। इसी मैदान पर ग्राम से लेकर मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित होती है। देश सेवा के लिए भारतीय सेना में जाने वाले लड़के और विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले गांव के खिलाडिय़ों के द्वारा इसी खेल मैदान पर अभ्यास रिहर्सल किया जाता है।

ग्राम के एक मात्र मैदान पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है मैदान पर गहरे गडढ़े किए जा रहे है। खेल मैदान से मिट्टी खोदी जा रही है। आवेदन के बावजूद पटवारी एवं आर.आई. इस मामले में कोई रुचि नहीं ले रहे है। खेल मैदान को सुरक्षित कराने के लिए मुकेश परमल,भानु प्रताप सिंह, अरुण सिंह, राहुल सिंह, दीपक सिंह, शिवपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह लाला राठौर, विनोद सिंह, जीवन सिंह, दीपक सिंह परिहार, राकेश सिंह आदि ने जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पत्र दिया है।

### हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरओबी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकलना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## पीएमश्री शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**सीहोर।** मंगलवार को नगर के मंडी स्थित पीएमश्री शासकीय स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 22 की पार्षद अनुशा राठौर तथा पीटीए अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाबी, सेवानिवृत शिक्षक आर. के. शर्मा, नसीम अख्तर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने की।

सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथि स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने स्वागत भाषण दिया और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य, भाषण, समूह नृत्य, नाटक आदि की प्रभावी प्रस्तुतियां दी गईं। अतिथियों एवं स्कूल के स्टाफ द्वारा तालियां बजाकर बच्चों की हौसला अफजाई की गई।

इसके बाद अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को तथा सालभर की खेल गतिविधियों में विजेता विद्यार्थियों को उपहार, शील्ड व प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षिकाएं एबं शिक्षक व आमंत्रित अतिथिगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन शर्मिला जैन ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शिवराज सिंह पवार ने व्यक्त किया।

## पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग का समापन




**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 ,सीहोर में, व्यवसायिक शिक्षक अमित जैन और दुष्यंत छोकर के माध्यम से पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं , पूर्व छात्रों की उपस्थिति में विशेषज्ञ और अधिकारी गणों ने 27 जनवरी से 31 जनवरी तक करियर काउंसलिंग के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल प्रशिक्षण, विषय अनुरूप प्रशिक्षण, रुचि अनुरूप प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने उक्त प्रशिक्षण को छात्रों की पहली आवश्यकता माना है। उन्होंने बताया कि छात्रों को करियर काउंसलिंग का मार्गदर्शन देना, और छात्रों को अपना रुचि पूर्ण करियर चुनना ही, इस करियर काउंसलिंग का उद्देश्य है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी श्री अशोक वर्मा सहित, डॉक्टर देवेंद्र साहू, महेश वर्मा, अरविंद पटेल, राजकुमार मेवाड़ा, जितेंद्र परमार, श्रेष्ठी जायसवाल, ललित मोहन अहिरवार प्रीति पबिया, सविता ठाकुर , लक्ष्मी नारायण आहूजा, इरफान पठान, अंकुर परमार, राकेश सेन सहित जिला कलेक्ट्रेड के प्रशासनिक अधिकारी अजय शाह, विवेकानंद कॉलेज के परवेज कुरैशी सर कैरियर काउंसिलिंग में उपस्थित रहकर छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

## बालिका क्रिकेट टीम ने सांसद कप में रचा इतिहास, बांटे गए पुरस्कार

# फाइनल मुकाबला मात्र 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिखाई दमदार खेल भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सांसद कप बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भैरूंदा मंडल बुधनी विधानसभा (बोरखेड़ा कलां) की बालिका क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद फाइनल मुकाबले में भी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 3 ओवर में ही जीत सुनिश्चित कर ली। इस ऐतिहासिक जीत से क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल बन गया।

फाइनल मुकाबला सांची बालिका क्रिकेट टीम और भैरूंदा मंडल बुधनी विधानसभा (बोरखेड़ा कलां) बालिका टीम के बीच खेला गया। बुधनी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। निर्धारित 8 ओवर के मुकाबले में सांची बालिका टीम की बल्लेबाजी बेहद साधारण रही और पूरी टीम केवल 44 रन ही बना सकी। बुधनी की ओर से सुहाना धावरे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 6 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिससे सांची टीम दबाव में आ गई।

44 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुधनी की सलामी जोड़ी निशा पंवार और दीक्षा पंवार ने आक्रामक लेकिन संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट गंवाए मात्र 3 ओवर 3 गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही बुधनी बालिका टीम ने सांसद कप पर कब्जा जमाया और प्रतियोगिता में अपना दबदबा साबित किया।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए निशा पंवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं प्लेयर ऑफ द फाइनल के खिताब से नवाजा गया। उनकी शानदार बल्लेबाजी और पूरे टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी विधानसभा की कप्तान अंजना मरकाम को विजेता टीम के साथ 4 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। मंत्री चौहान ने बालिकाओं के खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां अब खेल के क्षेत्र में भी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। बुधनी विधानसभा की इस ऐतिहासिक जीत पर विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, भैरूंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, तथा पावर मेक कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद अन्ना सहित कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने टीम को शुभकामनाएं दीं। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल सुविधाएं और प्रोत्साहन बढ़ाने की बात कही।

भैरूंदा बालिका क्रिकेट टीम की यह जीत न केवल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणा भी बनेगी।

## हिंदी विभाग और भारतीय जान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में हिंदी विभाग और भारतीय जान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में, शासकीय चंद्रशेखर आजाद पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय के प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा का व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में श्री शर्मा द्वारा हिंदी साहित्य के माध्यम से युवा पीढ़ी में व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। भारतीय सिनेमा, हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में हिंदी रचनाकारों द्वारा रचे गए ग्रंथों में व्यक्तित्व विकास की संभावनाओं पर श्री शर्मा द्वारा विस्तार से व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभाग के चित्रांश खरे द्वारा किया गया। संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ. पूजा कश्यप द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में की अध्यक्षता शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंजरी अग्निहोत्री द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में रमाकांत रिछारिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। व्याख्यान में डॉ राजेश बकोरिया, डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ गरिमा सिंह, डॉ नीता मिश्रा, डॉ नेहा शर्मा, डॉ नूरजहां हाशमी, डॉ नाजिम हुसैन, डॉ भारती सक्सेना, अनिल भलावी, डॉ मंगला रायबोले, विशाल राय, डॉ अफरीदा हाशमी, दानिश सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### जनहितैषी कार्यों से होगा आम जनता को लाभ

# ब्यावरा विधानसभा में 2.92 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भीलवाड़िया, पुनरखेड़ी, रलायती एवं बरखेड़ी में लगभग 2 करोड़ 92 लाख की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, पुलिया निर्माण, भीलवाड़िया स्कूल में बालिकाओं के लिए शौचालय, स्टॉप डैम, चेक डैम तथा सीसी रोड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय जननेताओं में से एक हैं और उनके मार्गदर्शन में देश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक सम्मान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से प्रगति पर हैं। सड़क,



भवन, पेयजल, बिजली और ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं समय पर मिल सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो। मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार विकास के हर क्षेत्र में ठोस, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्य कर रही है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर बनें।

#### मंत्री पंवार ने केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक

इस दौरान मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रशंसा करते हुए इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट "अर्थ से सामर्थ्य तक, अंत्योदय से अभ्युदय तक और साधन से समाधान तक" की एक स्वर्णिम यात्रा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के तहत घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने, आयात पर निर्भरता कम करने, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, लोगों की क्रय शक्ति मजबूत करने तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए अहम प्रावधान किए गए हैं। यह बजट देश और प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को नई गति देगा।

#### संत रविदास को किया नमन

कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री पंवार ने ग्राम पनाली में संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पमाल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज का जीवन और दर्शन समता, सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता के महान मूल्यों से प्रेरित रहा है। उनके द्वारा दिया गया मानवता और समानता का संदेश आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जसवंत गुर्जर, रामनारायण दांगी, मान सिंह, राधेश्याम यादव, श्री राधे दांगी, दिनेश शिवहरे, कमल पंवार, अशोक जाट, तहसीलदार सुभाष अलावे, एसडीओ प्रवीण भील सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### भ्रमित होकर पता पूछते रहते हैं मरीज और परिजन

# जहां टीबी वार्ड वहां लगा है आईसीयू वार्ड का बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में करोड़ों की मशीनों से मरीजों की जांच, उपचार सहित अन्य बड़े कार्यों पर तो प्रबंधन का ध्यान है, लेकिन कई छोटी-छोटी बुनियादी जरूरतों की तरफ से अधिकारी मुंह मोड़े हुए हैं। इन अनदेखियों का खामियाजा मरीजों, उनके परिजनों सहित अस्पताल आने वाले आमजनों का उठाना पड़ता है।

इसी तरह की अनदेखी पुराने अस्पताल परिसर के खजूर वाले वार्ड कैंपस में पूर्व में बने आईसीयू वार्ड में कई महीनों से नजर आ रही है। दरअसल, अब इस आईसीयू में टीबी के मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में आईसीयू वार्ड के बोर्ड के स्थान पर टीबी वार्ड का बोर्ड लगवाया जाना चाहिए था लेकिन इस तरफ प्रबंधन द्वारा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। इस लापरवाही के चलते टीबी के मरीजों के साथ ही टीबी के मरीजों से मिलने आने वाले लोग भी भ्रमित होकर यहां-वहां टीबी वार्ड का पता पूछते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है वार्ड के बोर्ड को बदलवाया जाए ताकि भ्रम की स्थिति ही पैदा न हो।

#### काऊकेचर भी हुआ खराब

अस्पताल परिसर में गायों, कुत्तों सहित अन्य आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने पुराने अस्पताल के एंटेस पर जाली वाला काऊकेचर लगवाया गया था। उक्त काऊकेचर भी अब पूरी तरह से खराब हो चुका है जिसके चलते परिसर में आवारा मवेशियों का प्रवेश नहीं रुक पा रहा है। अगर प्रबंधन इन बातों पर ध्यान दे तो काफी परेशानियों से बचा जा सकता है।

### जनसंघ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**विदिशा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति समिति विदिशा द्वारा जनसंघ के वरिष्ठ एवं सम्माननीय कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर गरिमामय सम्मान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन निर्माण, वैचारिक संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। पूर्व विधायक राधारमण भार्गव सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

### लगा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

# महिला शक्ति सम्मान व वसंत उत्सव का आयोजन



**खुजनेर।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष महिला इकाई जिला राजगढ़ की जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर के नेतृत्व में रविवार को मधुकुंज अकादमी, जीरापुर रोड खुजनेर में महिला शक्ति सम्मान एवं वसंत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला इकाई कार्यकारिणी द्वारा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय धाकड़ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा कृष्ण मंडलोई रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने की।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता पटेल, मोना सुस्तानी एवं कमला रोडमल नागर उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गिरिजा नागर, भावना पटेल, मोनिका नागर, नीलम चौधरी, गरिमा नागर, पूजा नागर शामिल रहीं। सम्मेलन में राजगढ़ जिले की सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं महिलाओं की आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण मंडलोई ने महिलाओं से संगठित होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विभूति कृष्णकांत धाकड़ ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष भावना शैलेन्द्र नागर ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित करना ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का महिला शक्ति सम्मान के माध्यम से सम्मान किया गया। वसंत उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष रूप से आकर्षक बनाया। कार्यक्रम में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नागरिकों ने नेत्र जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# बिजली न मिलने से आक्रोशित किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम, मांग पर अड़े

### एक घंटे अवरुद्ध रहा राजगढ़-ब्यावरा मार्ग



**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली प्रदाय किए जाने के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। प्रतिदिन 10 घंटे तो दूर एक घंटे बिजली भी कई ग्रामों में नहीं दी जा रही है। इसके साथ ही घरेलू कनेक्शनों की बिजली तो कभी आती है और कभी दो-चार दिन नहीं आ पाती। इसी से आक्रोशित क्षेत्र के कई किसानों ने सोमवार दोपहर जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर राजगढ़-ब्यावरा के बीच जाम लगा दिया। गुस्साए किसान सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली देने की मांग पर अड़े हुए थे। किसानों सहित ग्रामीणों द्वारा लगाए गए इस जाम के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। किसानों की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर भी मौके पर पहुंचे और किसानों की मांगों को जायज ठहराया।

#### एक घंटे के जाम के बाद माने किसान

हाईवे पर लग रहे जाम की सूचना के बाद राजगढ़ एसडीओपी अरविंद दिवाकर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आक्रोशित किसानों को समझाते हुए जाम खुलवाने का प्रयास किया। इसके बाद भी किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि हर बार आश्वासन देकर उन्हें लौटा दिया जाता है। बाद में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों एवं ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें आगे से नियमानुसार ही बिजली प्रदान की जाएगी। इसके बाद किसान माने और चक्काजाम खत्म किया।

### प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

# भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में श्रद्धालुओं की आस्था का लाभ उठाते हुए पार्किंग के नाम पर खुलेआम मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार मेले में टू-व्हीलर वाहनों के लिए 10 रुपए तथा फोर-व्हीलर वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई। मेले में तैनात स्थानीय पार्किंग ठेकेदारों द्वारा बाहर से आए श्रद्धालुओं से टू-व्हीलर वाहन के 50 रुपए और फोर-व्हीलर वाहन के 100 रुपए तक वसूले गए। निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि लिए जाने को लेकर पार्किंग स्थलों पर श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मियों के बीच हल्का-फुल्का विवाद भी हुआ श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अवैध रूप से अधिक राशि वसूली जाना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। मेले में दर्शन के लिए दूर-दराज से पहुंचे भक्तों के साथ इस तरह की लूट उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने वाली है। प्रशासन की लापरवाही के चलते पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी खुलकर सामने आई है। यदि समय रहते सख्त निगरानी और कार्रवाई नहीं की गई तो श्रद्धालुओं का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से उठ सकता है। अब जरूरत है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### राजकीय सम्मान के साथ 27वां देहदान

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी गांधी नगर निवासी स्व. राजाराम पवार का देहदान रविवार को राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। विकास पचौरी फाउंडेशन के देहदान जागरूकता मिशन अंतर्गत उनका पार्थिव शरीर अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने तिरंगा अर्पित कर पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ष 2019 में स्व. पवार एवं उनकी पत्नी ने देहदान का संकल्प लिया था। मेडिकल कॉलेज में फाउंडेशन के सहयोग से किया 27वां देहदान है।

### सामाजिक सरोकार की मिसाल बना भरतगढ़ हनुमान मंदिर का निःशुल्क कन्या विवाह



**नरसिंहगढ़।** नगर के प्राचीन भरतगढ़ हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क कन्या विवाह कार्यक्रम धार्मिक विधि-विधान एवं सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के तहत नगर में भव्य बारात निकाली गई, जिसका नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और मंगल गीतों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। समाजसेवियों, युवाओं एवं महिला मंडलों की सहभागिता से आयोजन ने सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार कन्या विवाह से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा निःशुल्क की गईं, जिससे जरूरतमंद परिवार को सम्मानपूर्वक वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने में सहयोग मिला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले दानदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारंभ

# आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम : टेटवाल



**सारंगपुर।** खेल जीवन का अहम अंग है। खेलो से जीवन तंदुरुस्त रहता है वहीं खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का एवं प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। युवा को खेलने के लिए अच्छे एवं गुणवत्ता पूर्ण खेल सामग्री का होना आवश्यक है। इसी श्रंखला में श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज पर सभी प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध होने से नगर एवं आस पास के खिलाड़ियों को सुविधा होगी। यह बात दीपक शर्मा की श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारम्भ करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कही।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना महादेव मित्र मंडल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा। पर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सदानी। गोर्वधन प्रसाद सक्सेना राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सादानी। माली समाज के लीला अध्यक्ष संतोष पुष्पद नगर अध्यक्ष शिव काका डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी नगर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी डॉ अंकित यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव लौटे राकेश कुमार किया भव्य स्वागत

**खुजनेर।** भारतीय थल सेना में देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम चौंडापुरा लौटे सैनिक राकेश कुमार यादव का खुजनेर नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ढोल-धमाकों के साथ विशाल स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण, युवा, पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पुष्पवर्षा के साथ सैनिक का अभिनंदन किया। देशभक्ति संगीत और जोश से भरे माहौल ने इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया ग्रामीणों ने कहा कि राकेश कुमार यादव ने भारतीय सेना में रहकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी देशसेवा आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि ग्राम चैंडापुरा से अनेक



सैनिक वर्तमान में भी भारत माता की रक्षा में सेवा दे रहे हैं, जिससे गांव को विशेष पहचान मिली है सेवानिवृत्ति के उपरांत मिले इस स्नेह और सम्मान से राकेश कुमार यादव भावुक नजर आए। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, युवाओं और नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश सेवा का अवसर उनके जीवन का सबसे बड़ा गौरव रहा है।

# आस्था और विश्वास का देखने को मिला संगम, लाखों श्रद्धालु हुए एकत्रित



**सारंगपुर।** पौराणिक परम्परा अनुसार सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर मालवांचल के प्रसिद्ध देवी धाम माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में माता बिजासन की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। माता बिजासन के प्रति आस्था और विश्वास का भाव पालकी यात्रा में एक साथ देखने को मिला।

रात्रि आठ बजे के बाद शुभ मुहूर्त में विधिविधान के साथ सबसे पहले मंदिर में पालकी को सजाया गया उसके बाद माता बिजासन के दिव्य स्वरूप विग्रह को पालकी में पुजारी परिवार द्वारा विराजित किया गया इस पालकी यात्रा (डोली) निकालने की यह परम्परा सदियों से माताजी सेवक पण्डाजी परिवार द्वारा सम्पन्न की जाती है। भव्य आतिशबाजी ओर मंगलगान के पश्चात माता की डोली को राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल, पुजारी रामचंद्र नागर, कैलाश चंद्र, रामबाबू वीआईपी जनपद अध्यक्ष देवनारायण सहित तहसीलदार आकाश शर्म सहित अन्य के द्वारा उठाया गया। पहले विश्राम स्थल बड़ी गादी के समीप पालकी यात्रा करीब दो घंटे रुकी यह पर नायक मीना मौसी ब्यावरा के साथ आए सैकड़ों किन्नरों द्वारा माता के भजनों के साथ राई बधाई नृत्य गाकर अपनी ओर आकर्षित किया। पहले विश्राम स्थल पर ही हजारों भक्तों द्वारा माता की पालकी में विराजित माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए कई अहम निर्देश

# खिलचीपुर सीएमओ को सस्पेंड करने दिया नाटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभागीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए हर सोमवार आयोजित होने वाली टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा काफी तल्ख तेवर में नजर आए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दूषित पानी की जांच नहीं करने पर सीएमओ खिलचीपुर को निलम्बन का नोटिस देने एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर ब्यावरा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को भी नोटिस जारी किया गया।

टीएल बैठक में संकल्प से समाधान कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान शिकायतों को बार-बार ट्रांसफर किए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। सड़क के अधिपत्य संबंधी जानकारी के लिए पीडब्ल्यूडी तलेन के अधिकारियों भी नोटिस प्रदान करने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए। बैठक में सार्थक एप पर अटेंडेंस की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि डीईओ, डाइट एवं डीपीसी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए अन्यथा संबंधित का वेतन रोक दिया जाए। गत 25 दिनों से लॉगिन नहीं करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस जारी कर एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा ऐसे अधिकारियों के नाम चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए।

#### अवमानना प्रकरणों की भी हुई समीक्षा

टीएल बैठक में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान माइक्रो इरिगेशन सिस्टम में सुधार लाने तथा मृदा परीक्षण कार्यों की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए। इस अवसर पर जिपं सीईटो डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्ट प्रताप सिंह चैहान, एसडीएम निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजोरे सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जब-जब धरती पर आसुरी शक्तियां बढ़ी भगवान के अवतार हुए : पं. नागर



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम काशीखेड़ी में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भागवत कथा वाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर ने कृष्ण जन्म प्रसंग में बताया कि जब जब धरती पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बड़ा तब भगवान के अवतार हुए। कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया था कि भगवान कृष्ण ने अवतार लिया और देवकी ने कृष्ण को जेल में जन्म दिया जिन्हें यशोदा नंद बाबा के यहां पहुंचा गया। कृष्ण का जन्म आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए हुआ। पंडित नागर ने भागवत कथा के माध्यम से कहा कि प्राणी मात्र से भी अनजाने में गलतियां हो जाती है जिसमें सूक्ष्म जीव मर जाते हैं।यह सब हमें जो नजर नहीं आते हैं एवं भुलवश होता है जिसमें पहली गलती झाड़ू लगाने से दुसरी गलती पडेरी के यहां रखें बर्तन, तीसरी गलती लकड़ी में बारिक जीव तथा चोथी गलती अनाज में सूक्ष्म जीव जब गृहणी अपने काम को करती है तो यह सूक्ष्म जीव हमें दिखते नहीं है ओर हमसे गलती होती है ओर यह जीव मरते हैं। इसलिए हमें प्रतिदिन देहली , पडेरी पर सायंकाल को दीपक लगाना चाहिए तथा दरवाजा पर आयें साधु संत को दान देना चाहिए , प्रतिदिन गाय एवं कुत्ते को रोटी दीजिए। जिससे गलती वश हुए हमारे अपराध ईश्वर माफ करेंगे।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट व मॉडल व श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0755-2552106 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### अभा कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ ने किया हल्दी कंकू का आयोजन

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवास की महिला प्रकोष्ठ द्वारा हल्दी कंकू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शहर अध्यक्ष निकिता निगम ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका शशी खरे महिला प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास स्थान पर देवास जिले की चित्रांश बहनों ने मिलकर हल्दी कंकु का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम महिला कार्यकारिणी ने महिलाओं से संबंधित सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं पूरे वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही वर्ष 26 की नई बीसी के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी चित्रांश बहनों ने वर्ष के कार्यक्रमों को वार्षिक कैलेंडर के रूप में तैयार करने की सहमति दी। जिला एवं शहर कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा नवनिर्मित चित्रगुप्त वाटिका के निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के लिए सभी से अधिक से अधिक तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की गईं कार्यक्रम में सभी चित्रांश बहनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग की सामग्री प्रदान की एवं कई मनोरंजक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य के साथ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिमला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, संगठन सचिव लीला सक्सेना,कार्यकारिणी सदस्य रेखा भटनागर, विद्या निगम, वरिष्ठ सलाहकार स्वाति श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, शिखा सक्सेना एवं शहर कार्यकारिणी की सचिव रश्मि श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव जय निगम, कार्यकारिणी सदस्य कविता श्रीवास्तव,रश्मि सक्सैना, उन्नति श्रीवास्तव ,मीरा खरे, अलका निगम, अनीता आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया।

### वीआईटी में सात दिवसीय वार्षिक शिविर के दूसरे दिन हुए कार्यक्रम आयोजित

# शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छ और समृद्ध गांव के निर्माण के लिए किया प्रेरित

ग्राम बोरखेड़ा में स्वयंसेवकों द्वारा भजनों के गायन के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर जागरूकता संदेशों का प्रसार किया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर 2026 के द्वितीय दिवस की शुरुआत ग्राम बोरखेड़ा में प्रभात फेरी के साथ की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा भजनों के गायन के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर जागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया, जिससे ग्रामवासियों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ। प्रभात फेरी के उपरांत सात दिवसीय एनएसएस वार्षिक शिविर 2026 की औपचारिक शुरुआत एक गरिमामयी उद्घाटन सत्र के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन, प्रो वाइस चांसलर डॉ. टी.बी. श्रीधरन, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बोरा खेड़ा के प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह वर्मा तथा सरपंच मानकुँवर बाई की उपस्थिति रही। उन्होंने ग्राम विकास, सेवा भावना एवं सामाजिक दायित्वों से जुड़े विषयों पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। वाइस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन ने ग्रामीणों को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव के निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वास्थ्य की दृष्टि से गरम पानी पीने की सलाह दी तथा ग्रामीण बच्चों को विश्वविद्यालय की डिस्ट्रिक स्कीम से अवगत कराते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चार अलग-अलग जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश ग्रामीणों तक पहुँचाया गया। सुश्री दीप्ति भोजवानी द्वारा ग्राम स्थित विद्यालय में ग्रामीण बच्चों को शिक्षण प्रदान किया गया, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि एवं उत्साह देखने को मिला। शाम के समय एनएसएस खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा स्वयंसेवकों द्वारा शिवसती से शिव-पार्वती विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। द्वितीय दिवस की समस्त गतिविधियाँ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देव व्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि एवं सुश्री दीप्ति भोजवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।




# कलेक्टर ने जिले में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा की

### समय सीमा में कार्य पूरा करने दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर शबालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करें और कार्यों को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक संपन्न साहित्यकारों से की राष्ट्र समर्पित आयोजनों पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिले के साहित्यकारों ने भाग लिया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला पालक मांडवी सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की कार्य योजना को जन-जन तक पहुंचाना पंच परिवर्तन के माध्यम से जन जागृति के कार्यक्रम करना और कलाकी किसी भी विद्या से जुड़ी प्रतिभा को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना। साथ ही हाल ही में रीवा में संपन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में लिए गए प्रस्तावों के अनुसार राष्ट्र समर्पित जन जागृति की भावना प्रकट करने पर जोर दिया। परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल सहित सभी साहित्यकारों ने जिला पालक मांडवी सिंह को प्रथम नगर आगमन पर शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर रामनारायण राठौर, देवकरण पंवार,द्वारका बांसुरिया, हीरालाल जायसवाल अनाड़ी ,विनोद पंसारी, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, गोविंद लोवानिया, जोरावर सिंह, राहुल ठाकुर, नन्नू लाल सगर,हीरालाल शर्मा, शिवनारायण सगर आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति हुए प्रधानाध्यापक को घोड़े पर बैठाकर नगर में निकाला जुलूस, बाद में घर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शिक्षक जयनारायण राठौर की सेवानिवृत्ति पर पुष्प माला कर घोड़े पर बैठाकर एवं बैंड बाजे के साथ नगर में जुलूस निकाला गया। जगह-जगह पर प्रधानाध्यापक का सम्मान किया गया। गत दिवस पीएम श्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जावर के प्रधानाध्यापक रहे जयनारायण राठौर की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन शाला परिवार एवं संकुल के शिक्षकों द्वारा घोड़े पर बैठा कर तथा था बेंड बाजे के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों, छात्राओं एवं नागरिक नगर से जुलूस के साथ सम्मिलित हुए।

संस्था की प्रभारी रीना पाटीदार ने बताया कि इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह खजुरिया, नपा उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, शिवम सोनी, डीपीसी आर उईके, बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत, शिक्षक संघ प्रदेश पदाधिकारी विनय सिंह चौहान, अनिल सिंह मुक्तावत, जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश बाहेती, पूर्व विकास खण्ड राकेश सिंह, सीताराम वर्मा, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य नितिन कौशल, संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति में शाल श्रीफल, अभिनंदन पत्र और प्रतीक चिन्ह शील्ड देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने कहा सर भूल न जाना, फिर भी स्कूल आना कहते हुए आंखों में आंसुओं को नहीं रोक पाई और रोने लगी। शिक्षक द्वारा सांत्वना दी। जगह-जगह पुष्पमाला द्वारा जय नारायण राठौर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जय नारायण राठौर को ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ अनुशासन प्रिय, राष्ट्रभक्त, निरूपित किया।

शिक्षा जगत की अपनी ड्यूटी के साथ ही शेष समय में अपने नगर विकास के कार्य, सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक, विद्या भारती और हर सकारात्मक कार्य को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई ।आप जिस विद्यालय में रहे वहां अपनी मेहनत से अपनी छाप छोड़ते रहे। आपने पीएम श्री विद्यालय को अपने शाला परिवार के साथ उत्कृष्ट बनाया । छुट्टियों में एवं शाला समय के बाद भी कार्य समर्पण भाव से और त्याग के साथ किया। अपनी कार्यशाली एवं व्यक्तित्व प्रभाव से शाला कार्यों में जन सहयोग भी प्राप्त किया। नगर के प्रबुद्ध जनों, शिक्षकों ने भी अंग वस्त्र एवं शाल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, अभिनंदन पत्र देकर मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर समरसता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जीवन सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर जिला मंत्री, भंवर सिंह ठाकुर, बंटी राठौर, वीरेंद्र सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह, जनशिक्षक गजराज सिंह, बहादुर सिंह, मुकेश सोनी, कमलेश सोनी, अकबर सिद्दीकी, कमलेश खत्री, जीतमल मेवाड़ा, नितिन विश्वकर्मा, धीरज सिंह मालवीय, प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिक, पालक, एवं शिक्षाविदों उपस्थित रहे।

### जिले के खिलाड़ियों का एशियन जूनियर भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम में चयन

**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि लुधियाना, पंजाब में 3 फरवरी से 8 फरवरी तक होने जा रही 2 री एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता आयुवर्ग 15, 18, 21 बालक/बालिका में देवास के 21 आयुवर्ग में अनुष्का दवंडे, अंशिका कनोजियो, लैश्राम लिंडा, 18 वर्ष आयु समूह में निपुण संगते, आदित्य बालोदिया, रोशन मुकाती, समर्थ भार्गव, वैष्णवी रघुवंशी, जयश उपाध्य, हिमांशु शर्मा खिलाड़ियों के चयन पर मप्र सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मप्र सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मराठा समाज का परिचय सम्मेलन 22 मार्च को होगा

**देवास।** क्षत्रिय मराठा जाती युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 22 मार्च को उज्जैन रोड स्थित श्याम गार्डन परिसर में सम्पन्न होगा। क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण समिति अध्यक्ष दिलीप बांगर ने बताया कि अखिल भारतीय मराठा युवक-युवती निशुल्क परिचय सम्मेलन के माध्यम से यह सम्मेलन विवाह योग्य युवक-युवती को अपने योग्य जीवन साथी चुनने का अवसर प्रदान करने का कार्य समिति कर रही है। 22 मार्च को होने वाले सम्मेलन के फार्म मप्र के विभिन्न जिलों के साथ छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा (पानीपत) में रहने वाले वाले मराठा बन्धुओ तक उपलब्ध करा दिये गये है, विवाह योग्य युवक-युवती अपना पंजीयन फार्म भरकर दि. 17 मार्च 2026 तक जमा करा सकते है। सम्मेलन की स्मारिका का प्रकाशन 22 मार्च को होकर यह स्मारिका निःशुल्क उन्हें प्रदान की जाएगी, जिन्होने फार्म भरकर पंजीयन कराया है। समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन निःशुल्क होकर सम्मेलन में शामिल समाज बंधुओं को भोजन आदि व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। समिति के हेमंत चव्हाण, नितिन गांगुर्डे, संतोष मोदी, भालेराव मिसाल, श्रीमती आशा बांगर, श्यामराव पाटील, अशोक राव थिटे, श्याम राव बोराडे, अनिल भंवर, रिंकेश राव जाधव, भालचंद्र ताकोणे, संजय झरबडे, शकुंतला झामरे, शिरीष इंदुलकर, मुकुल बांगर, प्रकाश राव चव्हाण ने सभी मराठा जाति बंधुओं से आग्रह करते हुए विवाह योग्य अपने परिवार के युवक-युवतियों के फार्म अंतिम दिनांक के पूर्व भरकर सम्मेलन को सफल बनाने में समिति का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा, सौंपा ज्ञापन

# मांग: योजना का नाम राष्ट्रपिता गांधी के नाम पर ही रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदला गया है इसको लेकर सोमवार को जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कांग्रेस जनों की एक महासंग्राम यात्रा शुरू होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची। जहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया को सौंपा गया।



ज्ञापन में कहा गया कि 20 वर्ष पूर्व ,पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को लागू किया था जो ग्रामीण भारत की रीढ़ साबित हुआ है। मनरेगा के तहत 180 करोड़ से अधिक कार्य दिवसों का सृजन हुआ है गांव के तालाब और सड़कों जैसी लगभग 10 करोड़ परी संपत्तियों का निर्माण हुआ है,परंतु मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में छेड़छाड़ और नाम परिवर्तन करने से आम जनमानस में इसका घोर विरोध है। मनरेगा योजना का नाम महात्मा गांधी बदलकर जहां राष्ट्रपिता का अपमान किया गया है। वहीं योजना के महत्वपूर्ण बिंदु बदलकर इस महत्वाकांक्षी योजना को बंद करने का कुत्सित प्रयास दिखाई दे रहा है। वही कई बदलाव किए गया है पहले योजना में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम की गारंटी प्राप्त थी। अब यह सरकार की मर्जी से बाती जाने वाली रेवड़ी बन जाएगी ,पहले ग्राम पंचायत अपनी जरूरत के अनुसार स्वयं विकास की परियोजना बनती थी अब ठेकेदारों को लाया जाएगा और मजदूर ठेकेदारों की परियोजना बन कर रह जाएगी। अब ना मनरेगा में मेट्स होंगे ना ही रोजगार सहायक। पहले योजना के क्रियान्वयन में 90% सहयोग राशि केंद्र की होती थी अब केंद्र की सहयोग राशि 60% एवं 40% प्रदेश सरकार का अंश होगा। इसी के साथ ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मनरेगा बचाव संग्राम का नेतृत्व कर रही है यह मनरेगा की बहाली के लिए आवाजों को मजबूत प्रदान करने वाला देशव्यापी आंदोलन ने हमारा लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है।

काम के अधिकार, मजदूरी के अधिकार और जवाब देही के अधिकार की बहाली। इस अवसर पर कांग्रेस जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी, कांग्रेस नेता शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा ने भी संबोधित करते हुए मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि इसका नाम राष्ट्रपिता के नाम पर ही रखा जाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नजर शेख सुधीर शर्मा गुरु चरण सिंह सलूजा रितेश त्रिपाठी नरेंद्र यादव जितेंद्र सिंह गौड़ सुजीत सांगते उमेश झवर रूपेश कल्याने प्रतीक शास्त्री दिलीप सिंह सोलंकी हर्ष प्रताप सिंह गॉड जितेंद्र सिंह मंटू अजय सिंह राजोदा डा मंसूर शेख शाहिद मोदी, दिग्विजय सिंह झाला, हिम्मत सिंह चावड़ा, राधा किशन सोलंकी, कल्याण सिंह पवार, अक्षय बाली, गुलाब सिंह, शहीद मोदी, प्रदीप बनाफर, हाफिज घोसी दिग्विजय सिंह झाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत करौंदिया में देवास बाल वाटिका का कराया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में नवाचार कर ग्रामों में बाल वाटिकाएं बनाई जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत करौंदिया में उत्कृष्ट कार्य कर बाल वाटिका का निर्माण किया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है। यहाँ बच्चों के लिए खेल, शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है।